Rapid Fire (करेंट अफेयरस): 18 अप्रैल, 2022

महाराष्ट्र प्रवासन ट्रैकिंग प्रणाली

हाल ही में महाराष्ट्र सरकार द्वारा व्यक्तिगत विशिष्ट पहचान संख्या (Individual Unique Identification Numbers) के माध्यम से संवेदनशील मौसमी प्रवासी कामगारों (Vulnerable Seasonal Migrant Workers) की आवाजाही को ट्रैक करने हेतु एक वेबसाइट-आधारित माइग्रेशन ट्रैकिंग सिस्टम (Migration Tracking System – MTS) विकसित किया गया है। MTS परियोजना की परिकल्पना प्रवासी लाभार्थियों को टीकाकरण, पोषण आपूर्ति, स्वास्थ्य जाँच आदि जैसी एकीकृत बाल विकास सेवाओं (Integrated Child Development Services – ICDS) की निरंतरता को बनाए रखने हेतु की गई है, जिसमें स्तनपान कराने वाली माताएँ, 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे और पंजीकृत गर्भवती महिलाएँ शामिल हैं। इस डेटा का उपयोग कर राज्य सरकार प्रवासी श्रमिकों की स्वास्थ्य योजनाओं, शैक्षिक कार्यक्रमों आदि में सुधार करने में सक्षम होगी और मनरेगा का बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगी।

विश्व कला दिवस

सामान्य लोगों के बीच कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिये **प्रत्येक वर्ष 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस यानी वर्ल्ड आर्ट डे** मनाया जाता है। यह पहली बार 15 अप्रैल, 2012 में मनाया गया था। 15 अप्रैल, 1452 को इटली के महान चित्रकार **लिओनार्दो दा विंची** की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। लिओनार्दो दा विंची इटली के महान चित्रकार, मूर्तिकार, वास्तुशिल्पी, संगीतज्ञ, कुशल यांत्रिक, इंजीनियर और वैज्ञानिक थे। कला हमेशा से ही अभिव्यक्ति और भावनाओं को तलाशने का एक शक्तिशाली माध्यम रहा है इस दिन को आधिकारिक रूप से वर्ष 2015 में लॉस एंजेलिस में मनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के अनुसार विश्व कला दिवस का लक्ष्य समाज में कलात्मक अभिव्यक्तियों को दृढ़ता से एकीकृत करना तथा समाज के विकास में कला के महत्त्व और योगदान को प्रोत्साहित करना है। इस दिन दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय कला संघ और यूनेस्को साथ मिलकर कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते है।

उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना:

हाल ही में कपड़ा क्षेत्र के लिये 10,683 करोड़ रुपए की उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (Production-Linked Incentive – PLI) योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 61 कंपनियों की वित्तीय सहायता हेतु अपनी मंजूरी प्रदान की गई है। PLI योजना कपड़ा से संबंधित उत्पादों जैसे- मानव निर्मित फाइबर (MMF) परिधान, और अन्य तकनीकी वस्त्र उत्पादों के लिये है। इस योजना को दो भागों में बाँटा गया है जिसमे भाग 1 के तहत, 300 करोड़ रुपए न्यूनतम निवेश और 600 करोड़ रुपए का आवश्यक न्यूनतम कारोबार प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। भाग 2 के तहत 100 करोड़ रुपए न्यूनतम निवेश है और 200 करोड़ रुपए का न्यूनतम कारोबार आवश्यक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-april-2022